# हिट एंड रन : भड़का आक्रोश, हाइवे पर चक्काजाम

## तेज रफ्तार कार ने पांच श्रमिकों को कुचला, लगा लंबा जाम

**जबलपुर, 19 जनवरी. बरेला थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे सिग्मा कान्हा के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार के ताड़ंव ने पांच श्रमिकों को मौत की नींद सुला दिया है. जिसको लेकर आज आक्रोश भड़क गया.**

गुस्साएं लोगों ने हाइवे पर चक्का जाम कर दिया दोनों ओर लंबा जाम लगने के साथ वाहनों की कतार लग गई. आक्रोशित जन 10 - 10 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी,



आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. पुलिस अधिकारी समझाइश दे रहे हैं. पुलिस ने बताया कि नेशनल हाइवे सिग्मा कान्हा के पास डिवाइडर ग्रिल पर रंगाई, पुताई और सफाई का काम चल रहा था. मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के निवासी श्रमिक पिछले डेढ़ महीने से यहां मजदूरी कर रहे थे. रविवार को काम करने के बाद थके श्रमिक सड़क किनारे भोजन कर रहे थे रोड के दोनों ओर साइन बोर्ड तथा स्टापर लगे थे.

### हादसे के बाद कार चालक हुआ फरार

दोपहर लगभग 1-30 बजे बरेला तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 एक्स बी 1460 का चालक साइन बोर्ड लगे होने के बाद भी तेज रफ्तार खतरनाक तरीके से यह सब जानते हुये हुये कि टक्कर लगने से मजदूरों की मौत हो जायेगी रेलिंग की तरफ कार चलाकर टक्कर मारते हुये काम कर रहे मजदूरों को कुचल कर घायल करते हुये कार लेकर फरार हो गया. हादसे में गीता बाई उइके, गुमता बाई, मीरा बाई उइके, राजकुमारी उइके, जमुना बाई, वर्षा कुशराम, लछ्छो बाई, ज्ञानवती बाई मसराम, छोटी बाई मसराम, कृष्णा बाई कडोपा, भागवती बाई उइके, चेनवती गौड़, लक्ष्मी गौड़, प्रभावती मरावी, अकलवती मरावी, लक्ष्मी बाई बरकड़े को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आईं घटनास्थल पर 112 वाहन एवं 2 एम्बुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार चेनवती गौड़ 45 वर्ष एवं लछ्छो बाई 40 वर्ष, वर्षा कुशराम 45 वर्ष, गुमता बाई 40 वर्ष, कृष्णा बाई कडोपा उम्र 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम बम्होरी की मौत हो गई.



# अब पुलिस के पास आ गई चलती-फिरती फोरेंसिक लैब

**ग्वालियर, 19 जनवरी. पुलिस के खाते में एक मोबाइल फोरेंसिक लैब आ गई है. दरअसल यह चलती-फिरती फोरेंसिक लैब है जो किसी भी अहम घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस की मदद करने में जुट जाएगी.**

उन सैंपल की मौके पर ही जांच करना शुरु कर देगी जिन सैंपल को लेकर पुलिस वालों को अभी तक घटना स्थल से फोरेंसिक लैब की ओर दौड़ना पड़ता था. उम्मीद की जा रही है कि इससे क्राइम डिटेक्शन में मदद मिलेगी और पुलिस का कीमती समय भी काफी बचेगा. पुलिस को यह मोबाइल फोरेंसिक लैब पुलिस के आधुनिकीकरण प्रोग्राम के तहत मिली है. पुलिस मुख्यालय ने तय किया है कि प्रदेश के सभी अहम जिलों में ऐसी लैब पहुंचा दी जाएं जो खुद ही घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस का काम हल्का कर सकें. अभी इस तरह की लैब प्रदेश के प्रमुख शहरों की पुलिस के सुपुर्द की गई है और धीरे-धीरे इस सेवा का विस्तार प्रदेश के सभी जिलों में किया जाएगा. यह मोबाइल लैब पुलिस की फोरेंसिक विंग के अधीन रहेगी. इसमें पुलिस की फोरेंसिक की टीम रहेगी जो किसी भी घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस तुरंत अपना काम करना शुरु कर देगी. इसमें ब्लड का सैंपल टेस्ट करने की भी सुविधा है तो फिंगर प्रिंट को आसानी से सहेजने की भी व्यवस्था है.

### घटना स्थल पर ही सैंपल की जांच होगी

घटना स्थल पर ही सैंपल की जांच होगी इससे पुलिस की दौड़-भाग कम होगी पुलिस विवेचना को रफ्तार मिलेगी. इस मामले में पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने कहा कि यह चलती-फिरती फोरेंसिक लैब मौके ही वो सभी काम करने लगेगी जिसके लिए अभी तक पुलिस फोर्स को सैंपल लेकर फोरेंसिक लैब दौड़ना पड़ता था. सैंपल जमा करना होता था और रिपोर्ट का इंतजार करना होता था. इससे काम में तेजी आएगी. यदि खून का साक्ष्य मौके पर मिला है तो तुरंत पता लग सकेगा कि खून इंसान का है या जानवर का. किसी भी अहम घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को सबसे पहले घटना स्थल पर बिखरे साक्ष्य समेटने होते थे. इसमें कई पुलिस वालों को एक साथ लगना पड़ता था और कई बार इसी क्रम में साक्ष्य भी प्रभावित हो जाते थे.

## एक नजर में

### बगलामुखी मंदिर में लगा आस्था का मेला

नलखेड़ा, 19 जनवरी. विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में गुप्त नवरात्र के प्रथम दिन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे. यहां भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की. सुबह से लेकर रात तक दर्शन का दौर चलता रहा. वहीं मंत्रोच्चार के साथ हवन-अनुष्ठान भी हुए. गुप्त नवरात्रि के प्रथम दिन हजारों भक्त ने मां के दरबार में पहुंचे. जहा भक्तों ने कतार में लगकर माता रानी के दर्शन किए. सोमवार को यज्ञशाला में बड़ी संख्या में हवन-अनुष्ठान भी सम्पन्न हुए. प्रथम दिन विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रात: व संध्याकालीन आरती में कई भक्तों ने उपस्थिति दर्ज कराई.

### रोजगार के मुददे पर भाजपा सरकार विफल

ग्वालियर. युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मितेन्द्र दर्शन सिंह ने आरोप लगाया है कि राज्य की भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने के अपने ही वायदे से पूरी तरह असफल रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर साल दो लाख युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया था जो भाजपा सरकार पूरी तरह विस्मृत कर चुकी है. आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुये युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मितेन्द्र दर्शन सिंह ने राज्य के युवाओं की बदहाली पर चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा सरकारी वैंकेंसी निकल नहीं रही और प्रायवेट कंपनियां युवाओं को ठेके व दिहाडी पर काम करा रही है.

# मंत्री ने मनरेगा योजना को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

**शिवपुरी, 19 जनवरी. प्रदेश के ऊर्जा एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना के नए स्वरूप और नाम परिवर्तन को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया.**

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस की राजनीति केवल एक परिवार तक सीमित है, जबकि सरकार का लक्ष्य अब 'वास्तविक सुधार' और पारदर्शिता है. प्रभारी मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर अब 'वीबी-जी रामजी योजना' कर दिया है. उन्होंने इस बदलाव के पीछे के तकनीकी और सुधारात्मक कारणों को साझा किया.पहले




मजदूरों को साल में 100 दिन का रोजगार मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 125 दिन कर दिया गया है. योजना के खर्च का 60 फीसदी केंद्र और 40 फीसदी राज्य सरकार वहन करेगी. अब मजदूरों की हाजिरी मशीनों (डिजिटल) के माध्यम से होगी. यदि भुगतान में देरी हुई, तो सरकार पर पेनाल्टी का प्रावधान भी रखा गया है.

# हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी की श्रेणी में शामिल किया जाए

**जबलपुर, 19 जनवरी. आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी की श्रेणी में शामिल किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.**

हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदको को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है. मध्य प्रदेश आंगनवाडी कर्मचारी संघ की महासचिव संगीता श्रीवास्तव की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दशकों से राज्य को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है. राज्य शासन द्वारा इन कार्यकर्ताओं को शासकीय



सेवक की तरह अतिरिक्त कार्यबल के रूप में इस्तेमाल कर उन्हें बी.एल.ओ., जनगणना जैसे अतिरिक्त कर्तव्यों का दायित्व दिया जाता है. आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के लिए नियमित कैडर सृजित नहीं करते हुए उनका शोषण किया जा रहा है. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियमित कैडर के सरकारी कर्मचारियों के समान सुविधाओं और लाभों को पाने के हकदार हैं. याचिका में राहत चाही गयी कि समान काम हेतु समान वेतनमान का हक प्रदान करते हुए उन्हें तृतीय श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिया जाये. उन्हें सरकारी कर्मचारियों के समान सभी सुविधाएं जैसे नियमित वेतन, वेतन वृद्धि, अवकाश सुविधाएं, टीए, डी.ए, एच.आर.ए आदि प्रदान की जाए, क्योंकि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के भाग तीन और भाग चार में इन सुविधाओं का आश्वासन दिया गया है. राज्य को उनकी सेवाओं की नियमित आवश्यकता है, लेकिन इन नियमित कैडर सृजित नहीं कर उनका शोषण किया जा रहा है.

# भारतीय टीम के सितारे पहुंचे टाइगर रिजर्व

**खिलाड़ियों ने की जंगल सफारी, फैन्स में उत्साह**

**सिवनी. 21 जनवरी से भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी 20 सीरीज होनी है. इससे पहले टीम के कुछ खिलाड़ी सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में सफारी करने पहुंचे.**

टी 20 क्रिकेट टीम के कप्तान खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ईशान किशन और रवि बिश्नोई सिवनी स्थित पेंच टाइगर रिजर्व पहुंचे. खिलाड़ियों ने टाइगर रिजर्व में रोमांचक जंगल सफारी का आनंद लिया. इस दौरान वन्यजीवों को नजदीक से देखने का अनुभव खिलाड़ियों के लिए खास रहा.पेंच पहुंचने की खबर



मिलते ही फैन्स में उत्साह देखने को मिला, जहां खिलाड़ियों ने प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाए और उनका अभिवादन स्वीकार किया. भारतीय क्रिकेट सितारों की मौजूदगी से पेंच टाइगर रिजर्व में खास रौनक देखने को मिली.

## प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ आधार सेवा केंद्र बना रतलाम प्रधान डाकघर

**रतलाम.** जिले के डाकघर आधार सेवा केंद्र, आधार सेवाओं के लिए लाभार्थियों की प्रथम पसंद बनते जा रहे हैं. इसी के चलते अब प्रधान डाक घर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ आधर सेवा केन्द्र बना हैं. अधीक्षक डाकघर रतलाम राजेश कुमावत ने बताया कि रतलाम डाक संभाग मध्य प्रदेश परिमंडल में नवाचारों के लिए जाना जाता है. आधार सेवा को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए चाहे जिला प्रशासन के साथ विद्यालयों में आधार शिविर आयोजित करना हो या ग्राम पंचायतों की मांग पर पंचायत में आधार शिविर आयोजित करना हो रतलाम डाक संभाग अपनी अलग पहचान रखता है.

# छात्र ने गढ़ी 2 .50 लाख रु . लूट की कहानी

**बच्चों के फीस के पैसे हो गए थे खर्च**

**ग्वालियर, 19 जनवरी. कारोबारी दारा सिंह सेंगर के बेटे कृष्णदीप सिंह से ढाई लाख रुपए की लूट का मामला कुछ ही घंटों में साफ हो गया. लूट की खबर आते ही शहर में हड़कंप मच गया.**

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की लेकिन किसी भी बाइक सवार की मौजूदगी सामने नहीं आई. इसके बाद हजीरा थाना पुलिस ने कृष्णदीप से पूछताछ की जिसमें उसने कुछ ही देर में पूरी कहानी बयां कर दी. फिलहाल युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. दरअसल कृष्णदीप सिंह ने कॉलेज की फीस भरने के लिए पिता से मिले 70 हजार रुपये पहले ही खर्च कर दिए थे. अब उसे फीस जमा करनी थी. इसी बीच पिता ने उसे बैंक में जमा कराने के लिए 2.50 लाख रुपए दिए थे. फीस के दबाव में उसने लूट की झूठी कहानी गढ़कर पुलिस को बता दी. पुलिस को युवक से पूछताछ में घटना को लेकर शुरुआत से ही संदेह था.


**पहली कहानी**- दारा सिंह सेंगर की हजीरा थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में सोयाबीन की फैक्ट्री है. उनका 20 वर्षीय बेटा कृष्णदीप सिंह बिरला नगर रोड स्थित यूको बैंक पहुंचा था. बैंक में कैश जमा करने के लिए वह पास की गली में बाउचर भरने गया था. उसने बताया कि इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उसे टक्कर मारी और उससे ढाई लाख रुपए लूटकर फरार हो गए. युवक ने बदमाशों का पीछा करने का दावा किया, लेकिन उन्हें पकड़ नहीं सका. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई.
**दूसरी कहानी**- हजीरा थाना पुलिस की जांच में लूट की यह पूरी कहानी झूठी निकली. कृष्णदीप सिंह अमेटी कॉलेज में बीकॉम का छात्र है और वर्तमान में पांचवें सेमेस्टर में पढ़ रहा है. पूछताछ में युवक ने बताया कि पिता ने कॉलेज फीस के लिए पहले 70 हजार रुपए दिए थे, जिन्हें वह खर्च कर चुका था. इसके बाद बैंक में जमा कराने के लिए उसे ढाई लाख रुपए दिए गए थे. फीस के दबाव में उसने झूठी लूट की योजना बनाई.

# 75 लाख का सोना व 6 लाख की चांदी चोरी

## मडवासा गांव के दो घरों में यादव भाइयों के घर वारदात

**शिवपुरी, 19 जनवरी. जिले के कोलारस अनुविभा के इंदार थाना सीमा क्षेत्र में आने वाले मडवासा गांव में बीती रात दो घरों में 2 यादव भाईयो की घरों में ताले चटका दिए. दोनों भाईयो के घर पास पास थे.**

इस वारदात मे चोरो ने 50 तोला सोना और 4 किलो चांदी सहित 50 हजार रुपए नगद गायब कर दिए. चोर एक 12 बोर की बंदूक भी चुरा ले गए थे लेकिन बंदूक सुबह खेतो मे मिल गई. मडवासा गांव में निवास करने वाले फूल सिंह यादव उम्र 70 साल अपनी पत्नी के साथ घर मे अकेले थे. उनका बेटा गांव के अंदर वाले घर पर सो रहा था. बेटा



ने बताया कि खेत पर हमारा दो मंजिल मकान हैं,इस मकान के पीछे से चोर चढे है और घर मे घुसे है. एक कमरे में माँ और पिता सो रहे थे. दूसरे कमरे में चोर घुसे और कमरे में रखे बक्से के ताले तोडे है. इन बक्सों में 4 किलो चांदी रखी थी और बाक्सो मे चोरो को तिजोरी की चाबी मिल गई. चोरों ने तिजोरी के ताले चटकाते हुए लगभग 40 तोला सोना गायब कर दिया और एक दो नाली लाइसेंसी बंदूको को भी चुरा गए लेकिन बंदूक सुबह खेतो मे मिल गई.

बताया जा रहा है कि फूल सिंह यादव के छोटे भाई आशीष यादव का मकान भी पास मे था. आशीष यादव के घर में बंद कमरे का ताला तोड़कर चोर घुसे. उस समय परिवार के सदस्य घर के अन्य कमरों में सो रहे थे. चोरों ने बक्से और अलमारी के ताले तोड़कर लगभग 10 तोला सोने के जेवर और 50 हजार रुपए नकद चुरा लिए.

## आयुध निर्माणी के कर्मचारियों में तेंदुए को लेकर दहशत

**जबलपुर.** आयुध निर्माणी खमरिया के पास लगातार तेंदुए की गतिविधि ने कर्मचारियों में खासी दहशत व्याप्त है और अब उन्हें ये डर सताने लगा है कि कहीं तेंदुआ निर्माणी के किसी कर्मचारी पर हमला न कर दे. विदित हो कि कुछ दिन पहले ही तेंदुआ आयुध निर्माणी के गेट नंबर 4 के पास दिनदहाड़े पहुंच गया था जिसके बाद से कर्मचारियों में दहशत कहीं ज्यादा व्याप्त हो गई थी. सोमवार को आयुध निर्माणी खमरिया के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और वन अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि तेंदुए का रेस्क्यू किया जाए जिससे किसी बड़ी दुर्घटना घटित होने से बच सके.

# देवास में बुजुर्ग के साथ दिनदहाड़े 6 लाख रुपए की चोरी



**बैंक से पीछा कर वारदात को दिया अंजाम**

**देवास, 19 जनवरी. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में आज दिनदहाड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है. स्टेशन रोड स्थित यूनियन बैंक से पैसे निकालकर अलंकार मार्केट स्थित एक समता बैंक पहुंचे बुजुर्ग की एक्टिवा से अज्ञात बदमाश 6 लाख रुपये लेकर फरार हो गए.**

पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि वह मकान निर्माण के लिए दो अलग-अलग बैंकों से रकम निकालकर लाए थे. अलंकार मार्केट स्थित बैंक का काम निपटाने के बाद जब वे सुभाष चौक पर झंडे की दुकान से झंडा लेने गए और वापस अपनी एक्टिवा के पास लौटे, तो देखा कि गाड़ी में रखे 6 लाख रुपये गायब थे. घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया. बुजुर्ग का कहना है कि संभवत: अज्ञात बदमाश बैंक से ही उनका पीछा कर रहे थे और मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया.

पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है.

**पारा मंडल का आयोजन** | **विराट हिंदू सम्मेलन में हजारों लोगों ने की सहभागिता**

# हिंदुत्व भारत की प्राचीन व सार्वभौमिक जीवन पद्धति

**पारा (झाबुआ). नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन भव्यता, दिव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जो राजेंद्र चौक,होली चौक होते हुए हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित धर्मसभा स्थल पर पहुंची.**

शोभायात्रा में घोड़े पर भगवा ध्वज लेकर साथ जनजातीय नृत्य टोली में हिंदुत्व का प्रचम लहराता हुआ स्वरूप देखने को मिला. इस विराट आयोजन में मंडल के समस्त ग्रामीणजन, महिलाएं, युवतियां, युवा, वृद्धजन सहित हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता




की और हिंदू संगम को सशक्त रूप प्रदान किया. धर्मसभा मंच से अतिथियों का परिचय कराते हुए प्रमुख वक्ताओं ने ओजस्वी उद्बोधन दिए. स्वामी भारतानंद सरस्वती महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदुत्व कोई संकीर्ण धर्म नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन एवं सार्वभौमिक जीवन पद्धति है, जो विश्व कल्याण का मार्ग दिखाती है. उन्होंने कहा कि आज समाज को भ्रमित करने वाली वामपंथी विचारधाराओं के विरुद्ध सजग, विवेकशील और आत्मबोध से युक्त उत्तर देने की जरूरत है.

आकाश चौहान विभाग सह कार्यवाह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भ्रामक जानकारियों का तथ्यात्मक और ऐतिहासिक दृष्टि से उत्तर दें तथा शैक्षणिक, व्यापारिक और साहित्यिक क्षेत्र में संगठित प्रयास करें. सीता भाबर ने महिला सशक्तिकरण का विषय ध्यान कराते हुए महिलाओं में स्वाभिमान, संस्कार और हिंदुत्व की जड़ों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया. हजारों लोगों ने एक साथ धर्मसभा में सहभागिता की, वक्ताओं के उद्बोधन सुने.

## कार में लगी अचानक आग से मचा हड़कंप

**मुरैना.** सिविल लाइंन थाना इलाके में घर के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग लग गयी. आग लगते ही कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गयी और कार मालिक समेत उसके परिजन घराब गये. पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए कार की सीएनजी सप्लाई पाइप काटी. इसके बाद मिट्टी और रेत डालकर आग पर काबू पाया गया. वक्त रहते आग बुझा ली गयी. जिससे बड़ी घटना टल गयी, फिलहाल आग लगने की वजहों का पता नहीं चल पाया है. सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कृष्णा टाउन कॉलोनी में रहने वाले शिक्षक दंपती प्रकाश हुजूर और उनकी पत्नी ललिता टोपो की कार में अचानक आग लग गई. दोनों सरकारी शिक्षक हैं.

# डिंडौरी ने वन-डे एनीमिया जांच में बनाया रिकॉर्ड

**डिंडौरी, 19 जनवरी. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत डिंडौरी जिले में संचालित 'सुगढ़ टूरी-आज स्वस्थ, कल सशक्त' अभियान ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है.**

जिले में एक ही दिन में रिकॉर्ड ब्रेकिंग एनीमिया जांच कर डिंडौरी न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देशभर के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरा है.कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस ऐतिहासिक वन-डे एनीमिया जांच अभियान के तहत 38 हजार स्वास्थ्य परीक्षणों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन जिले की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक समन्वय से यह आंकड़ा पार करते हुए लगभग 48 हजार किशोरियों, महिलाओं और ग्रामीण दीदियों का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया. अभियान की व्यापकता और प्रभावशीलता को देखते हुए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की निर्णायक टीम दिल्ली से डिंडौरी पहुंची. टीम ने विभिन्न शिविर केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, सहभागिता और रियल-टाइम मॉनिटरिंग की सराहना की. रिकॉर्ड्स टीम ने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अभिनव, अनुकरणीय और उत्कृष्ट पहल बताया. रियल-टाइम मॉनिटरिंग से मिली सफलता पूरे अभियान की निगरानी जिला स्तर से ऑनलाइन रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए की गई. इससे सभी शिविरों में समयबद्ध, पारदर्शी और सुचारु रूप से कार्य संपन्न हुआ. पर्याप्त स्वास्थ्य स्टाफ, जांच उपकरण और हितग्राहियों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया गया.

### 620 केंद्रों पर एक साथ स्वास्थ्य अभियान

अभियान के अंतर्गत जिले के 620 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों और आईटीआई संस्थानों को शिविर केंद्र के रूप में विकसित किया गया. यहां किशोरी बालिकाओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं का एनीमिया परीक्षण किया .स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा पंचायत अमले के समन्वय से यह अभियान मिशन मोड में संचालित हुआ.